>

Title: Need to upgrade the existing State Highway No.26 linking Bareilley-Pillibhit-Basti in Uttar Pradesh to the level of National Highway.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले राज्य मार्ग नं0 26 बरेली-पीलीभीत-बस्ती मार्ग की ओर दिलाना चाहता हूं। यह मार्ग बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसकी हालत बहुत खस्ता है। तराई क्षेत्र के लोग इस मार्ग पर निर्भर रहते हैं। समूचे क्षेत्र के विकास के लिए बरेली-पीलीभीत-बस्ती मार्ग का विकास बहुत जरूरी है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिया जाये ताकि इस मार्ग का विकास सुचारू ढंग से हो सके।